## एक नजर में

### बुरहानपुर में नगर पालिका परिषदों में 10 एल्डरमैन नियुक्त, नेपानगर में 6, शाहपुर में 4 नाम घोषित



**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय विकास और आवास विभाग ने रविवार को बुरहानपुर जिले की नगर पालिका और नगर परिषदों में एल्डरमैनों की नियुक्ति की घोषणा की। मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 19 की उपधारा 1 के खंड ग के तहत यह नियुक्तियां की गई हैं। जिले की दो नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में कुल 10 एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। इनमें नेपानगर नगर पालिका में 6 और शाहपुर नगर परिषद में 4 एल्डरमैन शामिल हैं। नेपानगर नगर पालिका में नियुक्त किए गए 6 एल्डरमैनों में सालिकराम राखोंडे, मनोज माहेश्वरी, उमेश सोनी, सुनीता वाजपेयी, रामकिशन अग्रवाल और रामसिंग नायक के नाम शामिल हैं। इसी तरह शाहपुर नगर परिषद के लिए रमेश चोपड़े, राजाराम आटोलकर, प्रकाश भोई और रवि जैन को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए सभी एल्डरमैनों को पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है।




### बुरहानपुर पुलिस के समस्त थानों और चौकियों पुलिस लाइन में स्टाफ ने किया ध्यान योग



**बुरहानपुर।** डीजीपी महोदय के आदेश अनुसार पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रविवार को सभी थानों में हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।' पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में दिनांक 29/03/2026 को पुलिस की तनावपूर्ण व चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के चलते, पुलिसकर्मियों के शारिरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रेणुका पुलिस लाइन ग्राउंड बुरहानपुर के साथ.साथ जिलेभर के समस्त अनुभागों एवं थाना / चौकी स्तर पर सामूहिक ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारी, कर्मचारी ने सहभागिता कर ध्यान योग अभ्यास किया। योग कार्यशाला में पुलिस लाईन,पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं समस्त थानों एवं चौकियो में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीयो ने योग कार्यशाला में उपस्थित रहे।


### सायबर सेल की कार्रवाई में 99 हजार 664 रुपये की राशि पीड़ित के खाते में करवाई वापिस




**बुरहानपुर।** अधीक्षक महोदय देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में थाना लालबाग में सायबर हेल्प डेस्क आरक्षक दीपांशु पटेल द्वारा शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल नेशनल सायबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई। आरक्षक दुर्गेश पटेल, सत्यपाल बोपचे, ललित चौहान, शक्तिसिंह तोमर तथा सायबर हेल्प डेस्क लालबाग से आरक्षक दीपांशु पटेल द्वारा विभिन्न बैंकए से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया। टीम के त्वरित व प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप फ्रॉड की गई राशि से 99,664/– को होल्ड कराया गया तथा विधिक एवं तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उक्त राशि पीड़ित विजय भंगाले के बैंक खाते में सुरक्षित रूप से रिफंड करा दी गई। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने साइबर सेल टीम तथा सायबर हेल्प डेस्क लालबाग से आरक्षक दीपांशु पटेल के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें प्रकरण निराकरण हेतु उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी है।

**आमजन हेतु साइबर सुरक्षा सलाह :**–किसी भी संदिग्ध ईमेल, लिंक या ऐप पर क्लिक न करें। अपनी बैंकिंग जानकारी, पासवर्ड किसी भी व्यक्ति को न दें। केवल आधिकारिक कस्टमर केयर नंबरों से ही संपर्क करें। हाई रिटर्न इंवेस्टमेंट आफर. फोरेक्स ट्रेडिंग, क्रिप्टो ट्रेडिंग से सावधान रहें। यदि कोई ऑनलाइन फ्रॉड हो जाए तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या पर शिकायत दर्ज कराएं या नजदिकी थाने / सायबर सेल पर शिकायत दर्ज कराये। तुरंत शिकायत करने से रिकवरी राशि की संभावना बढ़ती है।

### कलेक्टर ने किया हनुमानजी का पूजन



**बुरहानपुर।** श्री हनुमान बाग मंदिर में बुरहानपुर के कलेक्टर श्री हर्ष सिंह जी सह परिवार पधारे, श्री राजू भाई मुखियाजी द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। पूजन में अंकित लाठ, शुभम भाई ,सुनीत अत्रे, गौरव अग्रवाल एवं गौरव सलूजा उपस्थित थे।

### एक शाम मां के नाम कार्यक्रम आयोजित



**नेपानगर।** नगर में एक शाम मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिंदू संगठन नेपानगर के सूरज सिंह गहलोत ने बताया एक शाम मां के नाम वार्ड क्रमांक 17 भवानी नगर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्र में स्वर्गीय संगीता गहलोत की स्मृति में 19 मार्च से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 26 मार्च 2026 को गरबा प्रतियोगिताए 27 को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएंए 28 को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंत में इन तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसमें हमारे नेपानगर नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल ने गहलोत परिवार की ओर से प्रथमए द्वितीयए तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। संचालन प्रकाश शिंदे द्वारा किया गया।

# हर महिला में जीजाऊ माता, जो समाज निर्माण में निभाती है भूमिका : पटेल

**मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड तृतीय महाअधिवेशन और राजमाता जीजाऊ राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह**




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा कि राजमाता जीजाबाई के विचार और आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जीजामाता ने अपने विचारों से समाज को एक नई दिशा दी और आज भी उनके आदर्श हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। हर महिला में एक जीजाऊ का स्वरूप निहित हैए जो परिवार और समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में नारीशक्ति अहम् स्तंभ है और जीजाऊ ब्रिगेड इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। महिलाओं का संघर्ष किसी से कम नहींए बल्कि कई बार वे पुरुषों से अधिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समाज और परिवार को संभालती हैं। इस कार्यक्रम में शामिल होकर, मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल बुरहानपुर जिले के परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड तृतीय महाअधिवेशन व राजमाता जीजाऊ राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप.प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले प्रतिभाशाली नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, बुरहानपुर विधायक श्रीमति अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमति माधुरी पटेल, विधायक श्री चंद्रशेखर देशमुख, जिला अध्यक्ष श्री मनोज माने, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सहभागिता की गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि राजमाता जीजाबाई के आशीर्वाद और उनके उच्च संस्कारों के कारण ही छत्रपति शिवाजी महाराज ने अखंड स्वराज्य की स्थापना का संकल्प लिया और उसे साकार किया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी समृद्ध संस्कृतिए परंपराओं एवं मूल्यों को संजोकर रखना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेते हुए समाज के विकास एवं प्रगति में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर की धरा अत्यंत पवित्र और गौरवशाली हैए जहां अनेक महापुरुषों का आगमन हुआ है। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिला होना अपने आप में एक विशेष और असाधारण है। महिला ही सृजन का आधार है और वही परिवार एवं समाज को संस्कार प्रदान करती है। महिलाओं को अपनी शक्ति समझना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर महापौर माधुरी पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं संघ के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में अपने संबोधन से उपस्थितजनों को लाभान्वित किया। विदित है कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान ऑडिटोरियम में मन की बात कार्यक्रम का भी लाईव प्रसारण देखा व सुना।

## पीएम मोदी हर वर्ग में ला रहे सकारात्मक परिवर्तन : चिटनिस



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने रविवार को बुरहानपुर विधानसभा के बूथ क्रमांक.254 इंदिरा कॉलोनी पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ष्मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मन की बात सुनने के बाद चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम हर समाज वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। प्रधानमंत्री जी ने युवाओंए महिलाओं को रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की जो बात कही है, उससे लोगों का जीवन भी बेहतर होगा और देश भी आत्मनिर्भर बनेगा।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मन की बात कार्यक्रम में देशभर के अलग.अलग क्षेत्रों के लोगों व संस्थाओं की सफलता की कहानी देश की जनता के सामने लाकर लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को प्रतिपादित करते हुए देश के विकास में उनके योगदान की बात की है। प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर देश के विकास में उनके योगदान पर भी बात की है। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को फ्टिनेश बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने, अमृत तालाब योजना में मछली पालन करने, कोल्ड स्टोरेज के जरिए लोगों को रोजगार के अवसर पैदा करने और अपनी आय बढ़ाने के कई मंत्र दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की ष्मन की बात कार्यक्रम को देश–प्रदेश के हर व्यक्ति को सुनना चाहिए, इससे स्वयं नई–नई जानकारी मिलती है, जिससे प्रेरणा लेकर लोग खुद की आय बढ़ाने के साथ देश और समाज को और मजबूती देने में अपना योगदान दे सकते हैं।

## महाजन ने किए मां इच्छादेवी के दर्शन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री राम नवमी के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चिन्तामन महाजन, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देववराम महाजन ने ग्राम ईच्छापुर स्थित मां ईच्छादेवी मंदिर पहुंच कर दर्शन लाभ प्राप्त कर क्षेत्र के कृषि, उद्यानिकी,और चहुमुखी औधोगिक विकास की कामना की। साथ ही बुरहानपुर जिला क्षेत्र के समस्त नागरिकों के सुख, शांति, समृद्धि ओर आरोग्य की भी प्रार्थना की। महाजन ने परिवहन एवं यातायात के सुव्यवस्थित संचालन के साथ किसी भी प्रकार से जनहानि नहीं होने तथा संसाधनों की पूर्ति, गुणवत्तापूर्ण विकास व विस्तार हो ऐसी मनोकामना भी की।

## समाज निर्माण में शिक्षक महत्वपूर्ण...



**सीखें संस्था ने किया जिले के शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह**

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** जिले के शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को सराहते हुए सीखें संस्था द्वारा एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षाधिकारी रोहिणी पवार रही।

उन्होंने शिक्षकों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सीखें टीम के प्रयासों की भी प्रशंसा कीए जो शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। बीआरसी उदय सिंह मोगरे ने बताया सीखें टीम एक अभिनव शैक्षिक पहल हैए जो शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उनके शिक्षण कौशल को निखारने और शिक्षा को अधिक रोचक व प्रभावी बनाने पर कार्य कर रही है। इस पहल के अंतर्गत शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों और संसाधनों से अवगत कराया जाता हैए जिससे वे छात्रों के लिए शिक्षा को और अधिक आकर्षक बना सकें। नेशनल लीड कॉसमॉस जोसफने बताया कि सम्मान समारोह का उद्देश्य शिक्षकों की मेहनत को पहचानना और उन्हें प्रेरित करना था, ताकि वे और अधिक उत्साह के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। समारोह में विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। शिक्षकों ने सीखें संस्था के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल शिक्षकों को सम्मानित करते हैंए बल्कि उनके मनोबल को भी बढ़ाते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला शिक्षाधिकारी रोहिणी पवार, बीआरसी उदय सिंह मोगरे, बीएसी दीपक डोले, गोपाल गुप्ता, डीएम रविंद्र विश्वकर्मा, आयुष नामदेवए कृष्णा पांचाल,राकेश चौहान, दीक्षा मिश्रा, रविन्द्र चौहान, अर्चना पाटिल, खुशबू सोनवने, भुजराम शिवरा सहित जिले के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## सीतानहानी पर पूरा हुआ कायाकल्प, एक बेहतर पर्यटन की सुविधा



**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** वार्ड नंबर 22 में मप्र पर्यटन विकास निगम के माध्यम से ऐतिहासिक धार्मिक स्थल सीतानहानी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर दिया गया है। आने वाले कुछ ही दिनों में यहां आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। लंबे समय से लोग इसका इंतजार कर रहे थे। गौरतलब है कि लंबे समय से सीतानहानी को पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित करने की मांग की जा रही थी, लेकिन यह मांग अनसुनी हो रही थी।

कुछ माह पहले ही इस स्थल को डेवलप करने के लिए पर्यटन विकास निगम की ओर से एक करोड़ 25 लाख रूपए की राशि के टेंडर किए गए थे। अब इस पुराने ऐतिहासिक धार्मिक स्थल के कुंड आधुनिक नजर आ रहे है। पर्यटन विभाग के अफ्सरों के अनुसार कुछ छोटे मोटे कामों के साथ ही सिर्फ फिनिशिंग का काम बचा है। आने वाले कुछ ही दिनों में इस स्थल की तस्वीर बदली हुई रहेगी।

**पांच महीने पहले हुए थे टेंडर:**– पर्यटन विकास विभाग कके अफसरों के अनुसार करीब पांच माह पहले इसके टेंडर हुए और कायाकल्प का काम शुरू कराया गया था। अब यहां का नजारा बदला हुआ है। लोगों की संख्या अभी से यहां बढ़ने लगी है। बाहरी लोगों के लिए भी पर्यटन की दृष्टि से एक अच्छा स्थल हो गया है। सीतानहानी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए काम तेजी से कराया गया। यहां शेड निर्माण,आधुनिक घाट निर्माण, दीवारों का पलस्तर कराया गया है। अब केवल फिनिशिंग और कुछ छोटे मोटे काम ही बचे हैं। करीब 3 साल से सीतानहानी का जीर्णोद्धार कार्य प्रस्तावित था। हर बार प्रक्रिया शुरू होने के बाद ठंडे बस्ते में चली जाती थी। कभी विधानसभा तो कभी लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने पर प्रक्रिया अटकती रही। वर्तमान नगर पालिका परिषद की पहली बैठक में 9 प्रस्ताव रखे गए थे जिसमें एक प्रस्ताव सीता नहानी पर्यटन स्थल को विकसित करने का भी था। अब जाकर इसमें सफ्लता मिली है। पर्यटन विकास निगम के अफसरों के अनुसार सीता नहानी को विकसित करने की जानकारी लोगों को मिलने लगी है।

## सुप्रीम कोर्ट में टीईटी की रिव्यू पिटीशन दाखिल करेंगे कर्मचारी संघ



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** 29 मार्च 2026 को अपाक्स कार्यालय भोपाल में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुक्रम में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल आदेश को लेकर अपाक्स कार्यालय भोपाल में बैठक हुई। आजाक्स, गुरूजी, जनशिक्षक संघ, मण्प्रण्शिक्षक कांग्रेस संघ, अपाक्स एवं एनएमओपीएस की संयुक्त मीटिंग सम्पन्न हुईए जिसमें भुवनेश कुमार पटेल संरक्षक अपाक्सए संतोष वर्मा आईएएस प्रांताध्यक्ष आजाक्स,राजेश मिश्रा प्रांताध्यक्ष शिक्षाकर्मी विधिक समिति, राजीव पाठक मप्र शिक्षक कांग्रेस राजा भैया गुर्जर प्रांताध्यक्ष क्रांती कारी शिक्षक जन शिक्षक संघ,राकेश पटेल प्रांताध्यक्ष गुरूजी संघ, संतोष सिंह दीक्षित प्रांताध्यक्ष मंडी संयुक्त मोर्चा म.प्र.एवं श्री परमानंद डेहरिया प्रांताध्यक्ष नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्यप्रदेश की उपस्थिति में प्रांतीय बैठक सम्पन्न हुई।

इसमें 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय ने 2011के पूर्व समस्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, के अनुक्रम में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से 2 मार्च 2026 को आदेश जारी कर मप्र के 2011के पूर्व नियुक्त प्राथमिकए माध्यमिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है यदि दो वर्ष के अन्दर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते हैं तो अनिवार्य सेवानिवृत्ति कर दी जायेगी। उक्त आदेश एवं सर्वोच्च के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के सर्व सम्मति से याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया गया। इसकी आवश्यक कार्रवाई के लिए कृष्ण पाल सिंह यादव प्रांताध्यक्ष अपाक्स को सौंपी गई है तथा शीघ्र शिक्षक, कर्मचारी को आज की मीटिंग का निर्णय संदेश जिला ब्लॉक तहसील तक पहुंचायेंगे।

साथ ही विधिवेत्ताओं से सम्पर्क कर याचिका की तैयारी हेतु मध्यप्रदेश शासन को रिव्यू पिटीशन दाखिल करने का आग्रह करें व माननीय सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन दाखिल हेतु मध्यप्रदेश शासन के समक्ष संगठनों का पक्ष रखें। उपस्थित संगठनों ने संघों के पदाधिकारियों ने श्रीमान भुवनेश कुमार पटेल संरक्षक अपाक्स के मार्गदर्शन में रिव्यू पिटीशन सर्वोच्च न्यायालय ने दाखिल करने का विश्वास प्रकट किया है। संचालन परमानंद डेहरिया प्रांताध्यक्ष नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम मध्यप्रदेश के प्रांतीय संयोजक संतोष सिंह दीक्षित द्वारा जारी की गई।

**एक नजर** घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# सोने की झुमकी, पायजेब और चैन सहित 1 लाख 50 हजार का माल जब्त



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** फरियादी विजय निवासी ग्राम केरपानी द्वारा रिपोर्ट किया कि उसके द्वारा सोने चांदी के जेवरात घर में पेटी में ताला लगाकर रखे थे। वह परिवार के साथ बाजार गया था वापस आकर उसने पेटी को देखा तो पेटी का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखी सोने की झुमकी तथा चांदी की पायजेब एवं चांदी की चैन नहीं थी, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति घर में घुसकर पेटी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात कुल कीमती करीबन 01 लाख 50 हजार रूपये के चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नेपानगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा दिये गये निर्देशो के पालन में फ्ररारए उद्घोषित आरोपियो एवं चोरी के प्रकरणो में फ्रार चल रहे आरोपियो की धर पकड़ करने हेतु निर्देशित किया जा रहा था। इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानु जासयवाल एवं चौकी प्रभारी उनि हेमेन्द्र सिंह चौहान द्वारा पुलिस टीम का गठन कर चोरी की घटनाओं में आरोपियों की तलाश प्रारम्भ की गई। गठित टीम द्वारा प्रकरण में संदेही आमीन तथा रमजान को पुछताछ हेतु पुलिस चौकी नावरा लेकर आये। जिनसे चोरी के संबंन्ध में तकनिकी एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ करने पर उनके द्वारा सोने चांदी के जेवरात चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपीगण आमीन पिता बरकत जाति मुल्तानी तथा रमजान पिता मोहम्मद दोनो निवासी ग्राम केरपानी को आज दिनांक 28/03/26 को गिरफ्तार कर आरोपीगण से सोने की झुमकी तथा चांदी की पायजेब एवं चांदी की चैन कुल कीमती 01 लाख 50 हजार रूपयें का मशरूका जप्त किया गया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तार आरोपी :**– आमीन पिता बरकत मुल्तानी उम्र 19 निवासी ग्राम केरपानी थाना नेपानगर , रमजान पिता मोहम्मद उम्र 21 निवासी ग्राम केरपानी थाना नेपानगर

**महत्वपूर्ण भूमिका:**– थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल ,चौकी प्रभारी नावरा उनि हेमेन्द्र सिंह चौहान, प्रआर संदीप पटेल, प्रआर दीपक राजपूत, प्रआर सुभाष मोरे, आर संदीप वानखेडे, सैनिक सुनील मगरे एवं सैनिक मन्नुलाल का सराहनीय योगदान रहा है।

## बुरहानपुर में 23 दोषियों को कारावास की सजा



**6 को आजीवन, 17 को सश्रम कारावासय एसपी बोले–मॉनिटरिंग के लिए गठित है टीम**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस ने महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2025–26 में 23 दोषियों को सजा दिलाई है। इनमें 6 आरोपियों को आजीवन कारावास और 17 को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। पुलिस अधीक्षक ;एसपीद्ध देवेंद्र पाटीदार ने शुक्रवार को बताया कि महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों को कानून के तहत कठोरतम दंड दिलाने के निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

एसपी पाटीदार ने बताया कि इन प्रभावी न्यायिक परिणामों के लिए एक विशेष मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने न्यायालयीन प्रक्रिया को सुदृढ़ करनेए साक्ष्य प्रस्तुतिकरण को प्रभावी बनाने और पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सजा दिलाने में मिली सफ्लता का मुख्य कारण न्यायालय में लंबित गंभीर प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा रही। इसमें प्रत्येक प्रकरण में साक्ष्यए गवाह और केस डायरी की सूक्ष्म निगरानी की गई। अभियोजन अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की गईं और प्रकरणवार प्रगति की डिजिटल व लिखित रिपोर्टिंग की गई। निरंतर फीडबैक और अपडेट लेने से न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई में तेजी आई और साक्ष्य प्रस्तुतिकरण अधिक सशक्त हुआ। कुल 23 मामलों में अपराधियों को सजा मिली है। इनमें 6 मामलों में आरोपियों को आजीवन कारावासए 2 प्रकरणों में 20 साल का सश्रम कारावास और 5 प्रकरणों में 10 साल का कारावास शामिल है। इसके अतिरिक्तए 10 अन्य प्रकरणों में भी आरोपियों को कारावास की सजा सुनाई गई। यह सफ्लता 2024 की अपेक्षा 2025.26 में अधिक मामलों में दर्ज की गई है। इन कार्रवाइयों से अपराधियों में कानूनी दंड का स्पष्ट भय उत्पन्न हुआ है। साथ हीए पीड़ित पक्ष में न्याय प्रणाली के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है। पुलिस और अभियोजन के समन्वय से मजबूत केस प्रस्तुति संभव हुई है, जिससे न्यायालय में मामलों के निस्तारण की गति में भी वृद्धि दर्ज की गई है।